जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

# JAWAB DO SARKAR ™


www.jawabdosarkar.com

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्ध्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2022/palm/10 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | बुधवार, 1 जून 2022

# फर्स्ट इंडिया के स्टिंग के बाद भी नहीं सुधरे हालात!!!

# स्टिंग पार्ट:- 2!!!




## स्टिंग के बावजूद,

# रात 8 बजे बाद ओवररेट पर बिकती रही शराब!!!!

## आबकारी का जवाब,

# नहीं बिक रही रात 8 बजे बाद शराब!!!रेड गश्त जारी!!!


*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

First India

www.firstindia.co.in I https://firstindia.co.in/epapers/jaipur I twitter.com/thefirstindia I facebook.com/thefirstindia I instagram.com/thefirstindia

## STING OPERATION

# LIQUOR SHOPS OVERCHARGE, FLOUT NORMS; NO ACTION

### In a total of 404 shops approved by excise dept, but rules are scarcely followed

**Nirmal Tiwari**






People thronged liquor shops in hordes despite strict rules that shops should shut down post 8.00 pm. Some shutters were half opened, some sold it openly.

**LIQUOR EASILY AVAILABLE IN THE CITY**

Liquor was freely available at shop of licensee Lokesh Chopra near Chaudhary Dhaba on Khatipura Road. At 9.12 pm, Tuborg Strong Bear was given for Rs 160 instead of Rs 145. At 9.25 pm at Deepak Sharma's shop at Boring Square, Kalwar Road, Tuborg Classic Beer was given at Rs 190 instead of Rs 145. Team later reached Kanta Kalvad Road & saw liquor shop of licensee Ram-narayan Sharma was open at 9.50 pm. Here, team bought Tuborg Strong Beer worth Rs 145 for Rs 170. The same story continued at many other liquor shops.

**Jaipur:** In two back-to-back sting operations conducted by First India last week, it has been exposed that right under the nose of excise inspectors, liquor is now available in state capital round the clock.

According to rules of the excise department, liquor shops can be open only from 10 am to 8 pm. Besides, the name of the licensee, the rate of liquor available, POS machine, CCTV camera and the name of the district excise officer concerned, and his mobile number should be mentioned on these shops.

Not only this, all the salesmen working in shop should also have approved servant permit from excise department. There should not be any kind of tempting advertisement on shop, size of shop and size of hoarding on it should also be approved by department. Also, this liquor shop should not be within 200 mtrs of any religious place, school, college, hospital, scheduled caste tribe settlement and labour colony.

However, in a total of 404 shops approved by excise dept, these rules are scarcely followed.

In second sting operation conducted by First India team on May 27, situation turned out to be screaming. We found not just serious negligence or collusion of excise officials but dark truth of fearless liquor traders also came to the fore.

Liquor is now available 24 hrs in capital and arbitrary rates are being collected. What is worse is fact that excise inspectors have turned a blind eye.

Team of First India first reached shop of licensee Pankaj Saini in Gandhi Path Vaishali after 8:00 pm on May 27 and saw liquor was being sold openly here.

Team bought a bottle of Tuborg Classic beer from here, whose printed rate is Rs 155, while licensee charged Rs 200, that too after 8.45 pm. A video of beer being sold after 8 pm & online payment receipt are available as evidence.

After this, at shop of Sahil Arora located at Karni Palace 200 Feet Road, Tuborg Strong Beer was sold at 8:52 pm for Rs 160 instead of Rs 145. Later, at shop of licensee Lokesh Chopra on Amrapali Marg, at 8.58 pm, Officer's Choice quarter bottle worth Rs 105 was sold for Rs 120.

At shop of licensee Someshwar Singh in Big Bazaar Vaishalinagar at 9.04 pm, Tuborg Strong Beer was given at Rs 170 instead of Rs 145. On Tirupati Nagar Kalvad Road, licensee Amandeep's shop was found open at 10.06 pm.

First India has broadcast video with online payment receipts at time of purchase.

## फ़र्स्ट इंडिया के स्टिंग मे सामने आया कि कैसे अधिकारियों की मिलीभगत से रात 8 बजे बाद  शराब ठेको पर जम कर बिक रही ओवर रेट पर शराब!!!




फर्स्ट इंडिया न्यूज़ के स्टिंग ऑपरेशन मे आबकारी अधिकारियों की  मिलीभगत और बेखौफ शराब कारोबारियों का एक काला सच सामने आया था।अपने स्टिंग ऑपरेशन मे न्यूज चैनल द्वारा पूरे जयपुर शहर के अलग अलग इलाको मे 10 शराब लाईसेंसियों के यहाँ पड़ताल की,इन सभी जगहों पर एक जैसे ही हालात देखने को मिले|सभी जगहों पर रात 8 बजे बाद सेल्समेन ओवेररेट पर बंद शटर के पीछे से शराब बेचते दिखे|

## फ़र्स्ट इंडिया के स्टिंग के बाद भी नहीं सुधरे हालात!!!स्टिंग के बावजूद, रात 8 बजे बाद ओवररेट पर बिक रही शराब!!!!




आपको बता दें कि फ़र्स्ट इंडिया न्यूज ने अपने पहले स्टिंग मे शहर भर की 10 शराब की दुकानों पर स्टिंग ऑपरेशन कर,आबकारी विभाग को रात 8 बजे बाद ओवर रेट पर शराब बेचने के पुख्ता सबूत भी प्रस्तुत किए थे|लेकिन स्टिंग के बावजूद  आबकारी अधिकारियों की शह और मिलीभगत के चलते, अगले दिन ही शहर के शराब कारोबारी रात 8 बजे बाद पुनः ओवर रेट पर शराब बेचते दिखे|

## आबकारी का जवाब,नहीं बिक रही रात 8 बजे बाद शराब!!!रेड गश्त जारी!!!

फ़र्स्ट इंडिया के स्टिंग के बाद चेतने की बजाय आबकारी विभाग गोल मोल जवाब देकर मामले से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है|यूं तो जयपुर शहर मे आबकारी के 7 वृत है लेकिन इस मामले मे शिकायत होने पर आबकारी विभाग द्वारा उस वृत के सीआई से रिपोर्ट लेकर इतिश्री कर ली गयी,जिस वृत मे फ़र्स्ट इंडिया ने अपना स्टिंग नहीं किया था|बाकी 6 वृतों ने क्या कार्यवाही की गयी इसका खुलासा विभाग द्वारा नहीं किया गया|अपने जवाब मे जयपुर पश्चिम के वृत निरीक्षक अब्दुल जावेद द्वारा बताया गया कि  उनकी जांच मे रात 8 बजे बाद किसी भी मदिरा दुकान से मदिरा बेचान नहीं पाया गया|रेड गश्त निरंतर जारी है|जबकि जिस दिन निरीक्षक ने अपना जवाब प्रस्तुत किया, उसी दिन 30/05/2022 को न्यूज चेनल ने वृत निरीक्षक अब्दुल जावेद के दावों की पोल खोलते हुए,उनके वृत की 5 दुकानों के स्टिंग का प्रसारण कर उनके दावो की पोल खोल दी |

# कार्यालय आबकारी निरीक्षक वृत्त पश्चिम, जयपुर शहर

क्रमांक :- 186 दिनांक :- 30/05/2022

श्रीमान जिला आबकारी अधिकारी
जयपुर शहर।

विषय :- राजस्थान सम्पर्क पर प्राप्त शिकायत संख्या 052202712721840 की जांच रिपोर्ट भेजने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयार्न्तगत राजस्थान सम्पर्क पर प्राप्त शिकायत के कम में निवेदन है कि आबकारी वृत में स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकानात की रात्रि 8 बजे बाद जांच की गई। किसी भी मदिरा दुकान से मदिरा बेचान नहीं पाया गया। रेड गश्त निरंतर जारी है। अगर किसी मदिरा दुकानात से रात्रि 8.00 बजे बाद मदिरा का बेचान पाया जाएगा तो नियमानुसार अभियोग दर्ज किया जाएगा। रिपोर्ट श्रीमान की सेवा में सादर प्रेषित है।

भवदीय

आबकारी निरीक्षक
वृत्त पश्चिम, जयपुर शहर











वृत:जयपुर पश्चिम




वृत:जयपुर पश्चिम








वृत:जयपुर पश्चिम







वृत:जयपुर पश्चिम







वृत:जयपुर पश्चिम







वृत:जयपुर झोटवाड़ा







वृत:जयपुर झोटवाड़ा








वृत:जयपुर जयपुर झोटवाड़ा




वृत:जयपुर झोटवाड़ा

| जिम्मेदार अधिकारी | |
|---|---|
| पदनाम | नाम |
| जिला आबकारी अधिकारी,जयपुर शहर | मातादीन मीणा |
| सहायक आबकारी अधिकारी,जयपुर शहर | गौरव मणि जौहरी |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर पूर्व | कर्णिका मेहता |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर दक्षिण | भानुप्रिया शर्मा |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर उत्तर | हरीश शर्मा |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर दक्षिण-पूर्व | अब्दुल जावेद |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर पश्चिम | अब्दुल जावेद |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर झोटवाड़ा | जयकृत सिंह |
| आबकारी निरीक्षक,वृत जयपुर शहर सांगानेर | जयकृत सिंह |

## जवाब मांगते सवाल?

1. आखिर क्या वजह है कि फ़र्स्ट इंडिया न्यूज के दो स्टिंग ओपरेशनों के बावजूद रात 8 बजे बाद ओवररेट पर शराब बेचने वाले ठेकेदारो को आबकारी विभाग बचा रहा है?

2. यदि आबकारी विभाग के इस दावे पर भरोसा करे कि आबकारी विभाग की रेड गश्त जारी है,तो उसके बावजूद कैसे खुलेआम रात 8 बजे बाद ओवररेट पर शराब बेची जा रही है?



दैनिक भास्कर — जयपुर

वर्चस्व की जंग • मांग्यावास वंदे मातरम् रोड पर आए दिन देर रात तक होती है हमला व लूटपाट की घटना

रात में शराब बेचने पर फायरिंग, गैंगस्टर सहित 10 आरोपी गिरफ्तार, 3 पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए

क्राइम रिपोर्टर | जयपुर

31/05/2023

मानसरोवर मांग्यावास की वंदे मातरम् रोड इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई हैं। रात के समय में लोगों पर हमला कर लूटपाट की वारदात होना आम बात है। कारण रात 8 बजे के बाद खुली शराब की दुकानें और खुले में शराब परोसने वाले रेस्टोरेंट। रेस्टोरेंट भी ऐसे जो बिना किसी नियम कायदे के देर रात तक शराब परोसते रहते है। इन रेस्टोरेंट के बीच में शराब बेचने को लेकर इन दोनों काफी खींचतान चल रही है। नतीजा दो बार फायरिंग इस पर शिप्रा पथ थाना पुलिस ने एक गुट के गैंगस्टर सहित दस लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन पिस्टल व छह जिंदा कारतूस बरामद किए है। डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा ने बताया कि रजत यादव उर्फ राजा, शंशाक गौतम, जयसिंह, अमित शर्मा, दीपक डागर, आकाश बाजडोलिया, रवि कुमार शर्मा, नरेंद्र स्वामी उर्फ जोनी, अंकुश शर्मा, रोहित यादव को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि नवीन यादव ने थाने पर शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि कुछ बदमाश युवकों ने उस पर फायरिंग कर दी थी। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बदमाश युवक वंदे मातरम् रोड पर पीड़ित पर गाड़ियों की आपस में आमने सामने की टक्कर कराई थी।

**रात 8 बजे बाद मनमानी**

वंदे मातरम् रोड पर एक किमी के दायरे में दो शराब के ठेके और करीब एक दर्जन से अधिक रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट पर किसी प्रकार का कोई बार लाइसेंस नहीं हैं। इसके बावजूद भी ये खुले में शराब [illegible] ऐसे में रात को यहां पर आने वाले ग्राहकों की शराब के रेट को लेकर आए दिन झड़प होती है। इसके बाद लोगों पर हमला कर लूट की वारदात होना आम बात है। शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होता हैं। जब पीड़ित थाने पहुंचता हैं तो पुलिस चश्मदीद या मौके पर कोई स्वतंत्र गवाह लाने की बात कह कर पूरे मामले को घुमा देती है। ज्यादा दबाव आता हैं तो मामलों को परिवाद में रख कर छोड़ देते है। शहर में मानसरोवर, शिप्रा पथ और मुहाना थाने में इस रोड की घटनाओं के कई मामले पेंडिंग [illegible]

3. आबकारी और पुलिस विभाग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक शराब विक्रेता को अपनी दुकान पर सीसीटीवी केमरे लगाने अनिवार्य है,जयपुर शहर की 404 दुकानों मे से कितनी दुकानों पर सीसीटीवी केमरे लगे हुए है?आखिर क्यूँ आबकारी और पुलिस विभाग इन सीसीटीवी केमरो की मदद से रात 8 बजे बाद ओवररेट पर शराब बेचने वाले शराब लाईसेंसियों की धरपकड़ नहीं करती?

4. आखिर क्यूँ आबकारी विभाग राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की गांधीवादी छवि को धूमिल कर रहा है?जबकि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की पहल पर ही राज्य मे शराब बेचने का समय 11 बजे से घटा कर रात 8 बजे किया गया था?

5. चालू वित्तीय वर्ष मे आबकारी विभाग द्वारा कितने शराब लाईसेंसियों के विरुद्ध रात 8 बजे बाद शराब बेचने के विरुद्ध अभियोग दर्ज किए गए?

6. फ़र्स्ट इंडिया न्यूज द्वारा जिन शराब लाईसेंसियों का स्टिंग किया गया है उनके विरुद्ध रात 8 बजे बाद शराब बेचने के कितने अभियोग दर्ज है?

7. अब तक कितने आबकारी निरीक्षकों के विरुद्ध शराब लाईसेंसियों से मिलीभगत के चलते,विभागीय कार्यवाही की गयी?

8. आबकारी अधिकारियों और शराब ठेकेदारो की मिलीभगत के चलते तीन साल पहले वित्त विभाग को पूरे राज्य मे डिकोय ऑपरेशन चलाने की कार्यवाही करने को मजबूर होना पड़ा था,क्या वित्त विभाग को डिकोय ऑपरेशन चलाने की कार्यवाही करने पर पुनः विवश होना पड़ेगा?